सुंदर सुजान कृपा निधान अनाथ पर कर प्रीती जो ।*
सो एक राम अकाम हित निर्बान प्रद सम आन को ।।
जाकी कृपा लवलेश ते मतिमंद तुलसीदासहूँ ।
पायो परम बिश्रामु राम समान प्रभु नाहीं कहूँ ।।

|| Ram Katha 968 - *मानस परम विश्राम || Jabalpur || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 148 | इंदौर, शुक्रवार 12 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा-मेडिकल कॉलेज की संख्या सरकार ने दोगुनी की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव गुरुवार को इंदौर आए और विधायक गोलू शुक्ला के निवास पर पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया।मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया है, चाहे सिंचाई का रकबा बढ़ाना हो या युवाओं को रोजगार देना। हमने मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी की है।

नक्सलवाद के मुद्दे पर उन्होंने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय नक्सलवाद बड़ी समस्या थी, जिसे उन्होंने खत्म करने के लिए कुछ नहीं किया। हमारी सरकार ने नक्सलवाद के खात्मे में बड़ी भूमिका निभाई है, जिससे कई जिले नक्सलवाद मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस पर केवल आरोप लगाकर समस्या को जिंदा रखने की कोशिश करने का आरोप लगाया, जबकि उनकी सरकार समाधान में विश्वास रखती है। उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरे होने जा रहे हैं और रोजगार के लिए इंडस्ट्री ग्रोथ रेट राष्ट्रीय औसत से आगे चल रही है।विमानतल पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा और प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे ने उनका स्वागत किया। विमानतल से वे बाणगंगा स्थित विधायक शुक्ला के निवास पर गए। कुछ देर बाद वे फिर विमानतल पहुंचे और बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। वे रात को फिर इंदौर लौटेंगे और निजी विमान से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

● एमपी में लाल सलाम को आखिरी सलाम

## सीएम बोले-42 दिनों में 42 नक्सलियों का सरेंडर, प्रदेश नक्सल मुक्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश ने नक्सलवाद के खिलाफ एक ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। बालाघाट में राज्य के आखिरी दर्ज हार्डकोर नक्सली दीपक उर्फ मंगल उइके और रोहिदास उर्फ रोहित ने आत्मसमर्पण कर प्रदेश को नक्सल-मुक्त बनाने की दिशा में अंतिम कदम रखा। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बालाघाट, मंडला और डिंडोरी के पुलिस अधिकारियों को बधाई दी। इस ऐतिहासिक आत्मसमर्पण के साथ मध्य प्रदेश आधिकारिक रूप से नक्सल-मुक्त राज्य बन गया है।

बता दें, प्रदेश में मात्र 42 दिनों में 42 नक्सलियों का पुलिस ने आत्मसमर्पण कराया है। इनमें 7 करोड़ 75 लाख रुपये के इनामी नक्सली भी शामिल हैं। सीएम ने कहा कि लाल आतंक को मध्य प्रदेश में अब आखिरी सलाम कहा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तय लक्ष्य को प्रदेश ने समय से पहले ही पूरा कर दिखाया। मुख्यमंत्री ने सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को बधाई दी और कहा कि मध्यप्रदेश ने साबित कर दिया कि इच्छाशक्ति और समर्पण से लाल आतंक को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान का उद्देश्य स्पष्ट था। नक्सली या तो हथियार डाल दें या खत्म कर दिए जाएं। आज ये पूरी तरह धराशायी हो चुके हैं या कानून के सामने झुक चुके हैं।

● रणजीत हनुमान प्रभातफेरी

# रामायण आधारित झांकियों के साथ चला बाबा रणजीत का रथ, ठंड में उमड़ा आस्था का सैलाब



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के पश्चिमी क्षेत्र से शुक्रवार सुबह चार बजे रणजीत हनुमान की प्रभातफेरी निकली, जिसमें दो लाख से अधिक लोगों जुटे। कड़ाके की ठंड के बावजूद भक्तों की ऊर्जा कम होने का नाम नहीं ले रही थी। चारों तरफ भगवा पताकाएं, भजन गाती मंडलियां, भक्ति में डूबे लोगों का हुजूम सड़क पर नजर आया।



रात से ही रणजीत हनुमान मार्ग पर प्रभातफेरी की तैयारियां शुरू हो गईं थीं। सुबह 32वें क्रम पर बाबा रणजीत का रथ था। रथ के आगे भजन मंडल, नृतक दल, नासिक ढोल पर कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। प्रभातफेरी को लेकर ट्रैफिक और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम नजर आए।

सुबह चार बजे मंदिर परिसर से बाबा रणजीत अपने पारंपरिक रथ में सवार होकर निकले। इस दौरान भव्य आतिशबाजी हुई। प्रभातफेरी धीरे-धीरे महूनाका की तरफ बढ़ी। अन्नपूर्णा, दशहरा मैदान, नरेंद्र तिवारी मार्ग होते हुए प्रभातफेरी फिर मंदिर पहुंची।

रामायण पर आधारित दो झांकियों का निर्माण कराया गया था। जिसे भक्तों ने खूब सराहा। इसके अलावा 20 से ज्यादा भजन मंडलियां भी प्रभातफेरी में चलीं। प्रभातफेरी में शामिल भक्त नंगे पैर चले। कुछ भक्त झाड़ू भी लगा रहे थे।

तीन मार्गों पर वाहन प्रतिबंधित थे

प्रभात फेरी के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया था। शुक्रवार सुबह तीन बजे से फूटीकोठी, उषा नगर और अन्नपूर्णा मार्ग पर वाहन प्रतिबंधित रहे। इसके अलावा फूटी कोठी चौराहा से रणजीत हनुमान रोड होकर महुनाका चौराहा तक आवागमन बंद रहा।

### पांच सौ पुलिस जवान रहे तैनात

रणजीत हनुमान की प्रभातफेरी में पांच सौ से ज्यादा पुलिस जवान तैनात रहे। इसके अलावा मार्ग के बड़े भवनों से भी पुलिस जवान निगरानी किए। ड्रोन के जरिए भी पुलिस संदिग्ध लोगों पर नजर रखी। रथ के आसपास भी पुलिस सुरक्षा का घेरा बना रहा। चार किलोमीटर लंबे यात्रा मार्ग से जुड़ी गलियों में भी पुलिस जवान तैनात रहे और गलियों में बैरिकेड लगाए गए थे।

# राज्यपाल श्री पटेल ने इंदौर में चार दिवसीय 73वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन एनएस आईकॉन का किया शुभारंभ

## मस्तिष्क को स्वस्थ और शांत रखने में न्यूरो सर्जन और न्यूरोलॉजिस्ट चिकित्सकों की विशेष भूमिका

● प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे हैं विशेष कार्य : मंत्री श्री विजयवर्गीय




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि भगवान सभी जगह नहीं पहुँच पाते हैं, इसलिए उन्होंने चिकित्सक बनायें हैं। भगवान का दूसरा रूप चिकित्सक ही होता है। उन्होंने कहा कि अच्छी सेहत के लिए मोटा अनाज का सेवन करें, खूब पानी पीयें, अच्छी नींद लें और नियमित व्यायाम करें। फास्ट फूड से बचे। राज्यपाल श्री पटेल गुरुवार को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 73वीं वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन एनएस आईकॉन के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय विशेष रूप से मौजूद थे।**

श्री पटेल ने कहा कि मानव शरीर में हाथ, पैर, आँख, नाक आदि अंग होते हैं, लेकिन उनका मुखिया मस्तिष्क होता है। मस्तिष्क ही सभी इंद्रियों को आदेश देता है और उसे नियंत्रित करता है। हमारा मस्तिष्क स्वस्थ और शांत रहे, इस दिशा में न्यूरो सर्जन और न्यूरोलॉजिस्ट चिकित्सकों की विशेष भूमिका है। कई बार क्रोध की वजह से हम विचलित हो जाते हैं, जिससे कार्य का संपादन ठीक प्रकार से नहीं होता है। ऐसे समय न्यूरो सर्जन और न्यूरोलॉजिस्ट अपनी उन्नत चिकित्सा, प्रमाणिक ज्ञान और संवेदनशीलता से मस्तिष्क को स्वस्थ और शांत करते हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी जरूरी है और इसके लिए मस्तिष्क का स्वस्थ और शांत रहना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस चार दिवसीय सम्मेलन से जो निष्कर्ष निकलेगा वह समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने न्यूरोलॉजी विषय पर दो पुस्तकों का विमोचन किया। साथ ही कुछ चिकित्सकों को लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने 73वीं वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन एनएसआईकॉन के बारे में आयोजकों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सम्मेलन के विभिन्न स्टालों पर जाकर अवलोकन किया और चिकित्सकों के साथ संवाद किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, एनएसआइकॉन के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. वसंत डाकवाले, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. जे. एस. कठपाल, डॉ. मानस पाणिगही, अध्यक्ष डॉ. मानस पाणिग्रही, अध्यक्ष-निर्वाचित डॉ. के. श्रीधर, एजुकेशन एंड ट्रेनिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. लुईस बोर्बा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर स्वास्थ्य की राजधानी है। यहाँ के चिकित्सक मरीजों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं और सेवा भावना के साथ कार्य करते हैं, यह अपने आप में विशिष्ट हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार शोध और अनुसंधान हो रहे हैं और चिकित्सा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना चलाई जा रही है, जिसका लाभ बड़ी संख्या में आमजन उठा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुलने के साथ 300 बिस्तरों का अस्पताल भी शुरू करने की दिशा में कार्य जारी है। बीमार व्यक्ति की अच्छे से सेवा हो और उसे बेहतर चिकित्सा मिले, इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत हर क्षेत्र में शक्तिशाली बने, यह हमारा लक्ष्य है। आजादी के 100 साल बाद भारत एक नई ताकत के साथ खड़ा होगा।

उल्लेखनीय है कि न्यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंदौर द्वारा आयोजित उक्त सम्मेलन 14 दिसम्बर तक चलेगा। इस सम्मेलन में विश्व के प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन और न्यूरोलॉजिस्ट भाग ले रहे हैं। इस सम्मेलन का विषय "ब्रेन और स्पाइन केयर में चुनौतियों पर विजय" है। इंदौर में इस तरह का सम्मेलन वर्ष 1999 और 2024 में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुके हैं। न्यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया का इंदौर में यह तीसरा सम्मेलन है। इस वर्ष यह सोसायटी अपने स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण कर रही है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में न्यूरोसर्जन और न्यूरोलॉजिस्ट उपस्थित रहे।

### अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य की अध्यक्षता में जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## जिले में संचालित विभिन्न प्रमुख शहरी विकास योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में इंदौर जिले की सभी नगर परिषदों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ), डूडा के अधिकारी, इंजीनियर तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री वैश्य ने इंदौर जिले में संचालित विभिन्न प्रमुख शहरी विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की वर्तमान स्थिति, चुनौतियाँ और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।**

बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रदत्त ऋण, पुनर्भुगतान की स्थिति और लाभार्थियों की संख्या की प्रगति पर चर्चा हुई। जिले के बेटमा, सांवेर, महू और गौतमपुरा निकाय में कम प्रगति होने पर श्री वैश्य ने असंतोष व्यक्त करते हुए लक्ष्य तय कर समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आवास, निर्माणाधीन आवास और लंबित मामलों की समीक्षा की गई और लाभार्थियों को समय सीमा में आवास उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। इसके अलावा पात्र व्यक्तियों को आवासीय पट्टों के वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। अमृत 2.0 मिशन के अंतर्गत वाटर बॉडी परियोजना के तहत जल संरक्षण, जलस्रोतों के पुनर्जीवन, सौंदर्यीकरण तथा संरचनात्मक सुधार से जुड़ी परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई।

# कनाड़िया सिविल हॉस्पिटल का निर्माण कार्य शीघ्र करें पूर्ण : मंत्री श्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कनाड़िया में बन रहे 50 बिस्तरीय सिविल हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल पहुंच मार्ग, सम्पवेल, ड्रेनेज लाईन एवं चेम्बर, रेम्प, रेलिंग, आंतरिक विद्युतीकरण कार्य, गैस पाईप लाईप, फायर फाईटिंग सिस्टम, आपरेशन थियेटर के एसी सहित विभिन्न कार्य, सीसीटीवी, कैमरे, लिफ्ट, मोटर पम्प, डीजी सेट एवं टायलेट-बाथरूम में सेनेटरी फिटिंग्स, दरवाजे आदि के साथ ही मरम्मत एवं विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य नहीं होने पर ठेकेदार एवं कार्य एजेंसी पुलिस हाउसिंग के अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर कर एक माह में संपूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।**



मंत्री सिलावट ने बताया कि कनाडिया के 50 बिस्तरीय सिविल हॉस्पीटल के बनने से आसपास के 25 से अधिक गांवों को लाभ होगा। इसमें प्रसूति सहित अन्य बीमारियों के इलाज की 24 घंटे संपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। कनाडिया क्षेत्र को आदर्श बनाया जायेगा। वर्तमान में यहां नगर निगम द्वारा 305 करोड़ रूपये लागत का एसटीपी प्लांट तैयार कर सीवरेज लाईन डालने का कार्य किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी, सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल के पूर्व अधीक्षक डॉ. सुमित शुक्ला, मेडिकल आफिसर डॉ. दीपा, पुलिस हाउसिंग के कार्यपालन यंत्री एन.के. उपाध्याय, तहसीलदार शिखा सोनी, जनपद अध्यक्ष विश्वजीतसिंह सिसौदिया, कमल पटेल, मंडल अध्यक्ष वीपिन जागीरदार, संजय शर्मा, दिलीप ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## अवैध मदिरा परिवहन करते हुए एक आरोपी गिरफ्तार- 129700 रूपए कीमत की अवैध मदिरा जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के द्वारा दिये निर्देशानुसार गुरूवार को आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 129700/-रूपये कीमत की अवैध मदिरा जप्त की है।

बताया गया कि वृत्त-मालवा मिल ब में वृत-उप निरीक्षक सुनील कुमार मालवीय की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में गश्त के दौरान शंका के आधार एक दोपहिया वाहन क्रमांक-MP09DX3459 को रोककर उसके आगे रखी दो पेटियों को खोलकर उसकी तलाशी लेने पर उसमें 18 बोतल विदेशी मदिरा व्हिस्की '4 एलिमेंट ब्लेंडर प्राइड' परिवहन कर ले जाई जा रही थी। आरोपी भरत पिता सुखवीर सिंह तोमर निवासी तुलसी नगर इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत 129700/- रुपए है। कार्यवाही में आरक्षक अरविंद शर्मा, विपुल खरे, विक्रम यादव, विजय सोलंकी का सराहनीय योगदान रहा।



# राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम की दो सहेलियों की पेशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की दो सहेलियां अदालत में पेश हुईं। गुरुवार को शिलॉन्ग कोर्ट में चली सुनवाई में दोनों युवतियां इंदौर से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुईं। इस दौरान उनके वकीलों की टीम भी मौजूद रही।**

युवतियों के नाम दीपांशी और प्रियांशी हैं। वे सोनम के भाई गोविंद की फैक्ट्री में कम्प्यूटर का काम करती हैं। दोनों ई-सेवा के माध्यम से सुनवाई में जुड़ीं। कोर्ट ने दीपांशी का बयान दर्ज कर लिया है। प्रियांशी का बयान अगली सुनवाई में लिया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, कोर्ट ने सबसे पहले दीपांशी से सोनम की पहचान कराई। फिर सोनम के व्यवहार को लेकर



सवाल किए गए। कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या वह राजा रघुवंशी को जानती थी? गवाही देने के बाद सोनम की सहेलियां मीडिया से बात किए बिना कोर्ट से निकल गईं। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की 11 मई को सोनम के साथ शादी हुई थी। 20 मई को राजा और सोनम हनीमून के लिए इंदौर से मेघालय रवाना हुए थे। 22 मई को दोनों सोहरा की यात्रा पर निकले थे। उन्होंने एक एक्टिवा भी किराए पर ली थी। 24 जून को राजा-सोनम से परिवार का संपर्क टूट गया था। 27 मई से दोनों की सर्चिंग शुरू की गई। 29 मई को तेज बारिश के कारण सर्चिंग रोकनी पड़ी थी। इसके बाद 30 मई को दोबारा सर्चिंग शुरू की गई। 2 जून को खाई में राजा का शव मिला। 3 जून को राजा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि उसकी हत्या पेड़ काटने वाले हथियार से की गई थी।

## खालसा और उज्जैन में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर और उज्जैन नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स के बकायादारों को लेकर सख्ती दिखाई है। गुरुवार को इंदौर में खालसा कॉलेज का ऑफिस, तो उज्जैन में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज का स्टोर रूम सील कर दिया गया है। दोनों संस्थानों पर एक करोड़ से अधिक का टैक्स बनाया था। इसके अलावा दोनों नगर निगम अन्य बकायादारों पर भी कार्रवाई कर रहे हैं। इंदौर नगर निगम की टीम ने एक करोड़ 76 लाख का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया होने पर गुरुवार को खालसा कॉलेज के ऑफिस को सील कर दिया। निगम ने कॉलेज प्रबंधन को कई बार टैक्स जमा करने का नोटिस दिया, पर प्रबंधन ने टैक्स जमा नहीं किया। इसके अलावा मरोठिया बाजार में और लोगों



पर कार्रवाई की गई है। नगर निगम की टीम ने बकायादारों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। इसी के तहत गुरुवार को खालसा कॉलेज पर कार्रवाई की गई है। सुबह निगम के अधिकारी और कर्मचारी खालसा कॉलेज पहुंचे और ऑफिस सील कर दिया। राजमोहल्ला जोन के सहायक राजस्व अधिकारी अखिलेश मालवीय ने बताया कि खालसा कॉलेज के ऑफिस को सील किया है। काफी वक्त से उनका टैक्स बकाया चल रहा है। टैक्स की राशि बढ़कर एक करोड़ 76 लाख हो गई थी। उन्हें कई बार नोटिस दिया गया और बोला भी गया, फिर भी राशि जमा नहीं कर रहे थे। मालवीय ने बताया कि खालसा कॉलेज को 6 दिसंबर को नोटिस दिया था और तीन दिन में राशि जमा करने के लिए कहा गया था। लगातार नोटिस देने के बाद भी उनके द्वारा राशि जमा नहीं कराई गई। इसके चलते आज ये कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अब भी टैक्स जमा नहीं किया जाता है तो निगम की ओर से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वैसे कॉलेज प्रबंधन ने बीच में कुछ राशि जमा भी की है, पर अमाउंट बड़ा होने के कारण ऑफिस सील किया गया है।

## 14 दिसंबर को होगा मेट्रो के अंडरग्राउंड रुट पर फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा 14 दिसंबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे। रेसीडेंसी कोठी में आयोजित बैठक में मुख्य मुद्दा मेट्रो ट्रेन के अंडरग्राउंड रुट का रहेगा। पिछले दिनों नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मेट्रो ट्रेन रुट का दौरा किया था। तब उन्होंने मेट्रो रुट बंगाली कॉलोनी से अंडरग्राउंड करने पर जोर दिया है। मेट्रो के रुट में बदलाव होगा या फिर पुराना रुट ही रहेगा। इस पर मुख्यमंत्री फैसला ले सकते है।**

इसके अलावा बीआरटीएस की बस रेलिंग हटाने में हो रही देरी को लेकर भी बैठक में चर्चा



होगी। 9 माह तक रेलिंग नहीं हटाए जाने पर हाईकोर्ट भी नाराज हो चुका है। बीआरटीएस पर नए ब्रिज भी बनाए जाना है। इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट भी आ चुकी है। इस पर भी फैसला हो सकता है। इसके अलावा अन्य प्रोजेक्टों पर भी चर्चा होगी। बैठक में सभी विभागों के अफसर भी मौजूद रहेंगे। नर्मदा-कालीसिंध लिंक परियोजना और संचालित हो रही नर्मदा-शिप्रा लिंक योजना के बारे में भी बात होगी। सिंहस्थ को लेकर शहर में हो कामों की समीक्षा भी की जाएगी। मास्टर प्लान की 23 सड़कों के लिए काम भी शहर में शुरू हो चुके है, लेकिन कुछ सड़कों के लिए अभी बाधक निर्माण नहीं टूटे है। इंदौर में मेट्रो के अंडरग्राउंड स्टेशनों का काम भी शुरू हो गया है। एमजी रोड के समीप भाऊ शिंदे खेल परिसर में स्टेशन के लिए खुदाई भी शुरू हो गई है। मेट्रो कार्पोरेशन ने खुदाई के लिए मशीनें भी भेज दी है। इसके अलावा दूसरी जगहों पर भी अंडरग्राउंड स्टेशन के लिए सर्वे हो गया है। आठ से अधिक मेट्रो स्टेशन बनाए जाना है। यदि मेट्रो के अंडरग्राउंड रुट में बदलाव होता है तो उनकी संख्या और बढ़ सकती है।

Confidential Investigation & all type of Detective services
Successful Journey
Since 2002...

आँख मूंदकर न तय करें रिश्ता...
सतर्कता एवं सजगता अत्यावश्यक है।
सभी प्रकार की व्यक्तिगत, पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक, कानूनी, सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य...
सबूत/प्रमाण हेतु... मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...
कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे..!
DETECTIVE GROUP ®
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in
9111050101
9111050101
7312433667

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आंध्रप्रदेश के धर्मावरम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# अटलजी भाषा से, भाषण से और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे हिमालय के समान विराट व्यक्तित्व के धनी थे। पूरी दुनिया में उनका एक अलग ही सम्मान है। वे भाषा से, भाषण से और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे। आज आंध्र प्रदेश में उनके जन्मशताब्दी वर्ष में 15 दिवसीय अटल ज्योति संदेश यात्रा की शुरुआत हुई है। यह यात्रा आंध्र प्रदेश के 20 जिलों तक पहुंचेगी और 25 दिसंबर को स्व. वाजपेयी की जयंती के अवसर पर यात्रा का समापन होगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंध्र प्रदेश के सत्य साईं जिले के धर्मावरम में स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी हुआ है। स्व. वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1923 को ग्वालियर के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उन्होंने देश-दुनिया में अपनी प्रतिभा के बल पर नाम कमाया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ श्री वाजपेयी के घनिष्ठ संबंध रहे। उनके कार्यकाल में ही श्री नायडू एनडीए के प्रेसिडेंट बने थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को धर्मावरम में अटल ज्योति संदेश यात्रा में सहभागिता की एवं स्व. वाजपेयी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटलजी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनकर देश की जनता की सेवा की। पोखरण में परमाणु परीक्षण किया। कारगिल में पाकिस्तान को सबक सिखाया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात दी। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायडू की दोस्ती पक्की है। श्री चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश में एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री हैं। वे आंध्र प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। एनडीए ने भगवान श्रीकृष्ण के वंशज को मध्यप्रदेश की कमान सौंपी है। आंध्र प्रदेश में श्री नायडू ने सत्या जी को आगे बढ़ाया है। यही सबका साथ-सबका विकास का संकल्प है। जनता के चेहरे के भाव देखकर ऐसा लग रहा है कि आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश दो बिछड़े भाइयों के समान हैं।

## पत्नी का अश्लील वीडियो किया वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** पोर्न स्टार बनने की सनक में रीवा के एक युवक ने अपनी पत्नी का अश्लील वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अभी वह फरार है। उसकी लोकेशन मुंबई में ट्रेस हुई है। मामले में पुलिस ने जांच की तो पता चला कि आरोपी लंबे समय से पोर्न साइट्स देखने का आदी था। वह पोर्न वीडियो के किरदारों को अपना आइडल मानता था और खुद को "स्टार" बनाने की चाहत में पत्नी के साथ 13 मिनट 14 सेकंड का निजी वीडियो रिकॉर्ड किया। जब पत्नी ने वीडियो वायरल होने पर इसका विरोध किया तो आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने यह जानबूझकर किया है और उसे कोई पछतावा नहीं है। उसका मकसद था कि लोग वीडियो देखकर उसे पहचानें और वह "पॉपुलर" हो जाए।

## किसानों ने मुंह काला किया, मुर्गा बनकर प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर, एजेंसी।** बुरहानपुर की पांगरी बांध परियोजना से प्रभावित किसान पिछले दो सालों से लगातार विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को किसानों ने विरोध का एक और अनोखा तरीका अपनाया। उन्होंने अपने मुंह पर कालिख पोती, मुर्गा बनकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया और न्याय की मांग की। उतावली नदी किनारे बड़ी संख्या में किसान जुटे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे डॉ. रवि कुमार पटेल ने आरोप लगाया कि पांगरी बांध परियोजना के किसानों को पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला। प्रशासन ने किसानों की बार-बार की अपीलों के बावजूद समाधान नहीं किया। इसी कारण किसानों को मजबूरी में अजीबो-गरीब तरीकों से आंदोलन करना पड़ रहा है। किसानों ने कोयले की कालिख लगाकर प्रतीकात्मक रूप से अपना मुंह काला किया और मुर्गा बनकर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि यह तरीका सरकार और प्रशासन की उदासीनता को उजागर करने के लिए अपनाया गया है।

## पूर्व पुलिसकर्मी जेल से चला रहा था गैंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी।** गुना के कुख्यात बदमाश रामवीर सिंह कुशवाह उर्फ 'दाऊ' को अब गुना की चाचौड़ा जेल से हटाकर सेंट्रल जेल, रीवा में शिफ्ट कर दिया गया है। जेल के अंदर से ही गैंग चलाने और गवाहों को धमकाने के पुख्ता इंटेलिजेंस इनपुट मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया है। बता दें कि रामसिंह पुलिस विभाग में एसआई रह चुका है। आपराधिक कृत्यों की वजह से बर्खास्त कर दिया गया। यह उस समय भी चर्चा में आया था, जब फूलों से स्वागत के बाद इसकी गिरफ्तारी की गई थी। यह पारदी केस में दो साल से फरार था। गुना एसपी अंकित सोनी के मुताबिक, विवेचना और साक्ष्य प्रभावित न हों, इसलिए भोपाल जेल मुख्यालय ने उसे रीवा शिफ्ट करने का फैसला किया। इंटेलिजेंस सूत्रों के मुताबिक, चाचौड़ा जेल में बंद रामवीर अपने खिलाफ चल रहे केस के फरियादियों, गवाहों और वकीलों पर दबाव बना रहा था।

## किन्नर बोलीं- एसआईआर में किन्नरों की आईडी जरूर जांचें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा, एजेंसी। एसआईआर (एसआईआर) प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। इसी संबंध में विदिशा के किन्नर समुदाय ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात की। समुदाय की ओर से किन्नर गुरु रत्ना नायक ने एसआईआर प्रक्रिया में बाहरी और संदिग्ध पहचान वाले किन्नरों को शामिल न करने की मांग उठाई।**

उन्होंने कलेक्टर से कहा कि मतदाता सूची में केवल उन्हीं किन्नरों को जोड़ा जाए जिनके दस्तावेज़ और निवास पूरी तरह सत्यापित हों। रत्ना नायक ने चिंता व्यक्त की कि कुछ किन्नर देश के विभिन्न हिस्सों या बांग्लादेश से आकर शहरों में बस गए हैं। किन्नर गुरु ने बताया कि ऐसे लोगों के बिना उचित जांच मतदाता सूची में जुड़ जाने से स्थानीय किन्नर परिवार की पहचान और व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने भोपाल में भी इसी तरह के मामले का जिक्र करते हुए विदिशा में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया।



उन्होंने स्पष्ट किया कि विदिशा में किन्नरों का एक ही स्थापित परिवार है, जो वर्षों से यहां रह रहा है और परंपरागत रूप से गद्दी पर संचालित है। समुदाय ने कलेक्टर से अनुरोध किया कि एसआईआर टीम किसी भी नए किन्नर को शामिल करने से पहले गहन जांच-पड़ताल सुनिश्चित करे, ताकि बाहरी या अवैध तरीके से आए लोग मतदाता सूची में न जुड़ सकें।

## शादी के दिन दुल्हन ने प्रेमी संग लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी।** मुरैना जिले के देवगढ़ थाने के तिलऊंआ गांव के बाहर नीम के पेड़ से गुरुवार को प्रेमी-प्रेमिका ने एक ही दुपट्टे से फंसी लगा ली जिससे दोनों की मौत हो गई। लड़की की आज ही शादी होनी थी। लेकिन दुल्हन बनने से पहले ही उसने प्रेमी साथ फांसी लगा ली। दोनों मृतक एक ही परिवार के होने के कारण रिश्ते में भाई बहिन लगते थे। पुलिस ने मौके से दोनों मृतकों के शव रिकवर कर जौरा मर्चुरी भिजवाया है जहां पीएम किया जाएगा। साथ ही पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जौरा विकास खंड का तिलऊंआ गांव के रहें वाले चंद्रपाल कुशवाह की 19 वर्षीय बेटी मृतिका भारती कुशवाहा और रामविलास कुशवाह का बेटा 22 वर्गीय मृतक रवि कुशवाह आपस में प्रेम करते थे। लेकिन दोनों एक ही परिवार से आते थे तो रिश्ते में चचेरे भाई बहन लगते थे। इस कारण परिजनों ने इनका प्रेम प्रसंग को मंजूरी नहीं दी। दोनों के मिलने पर रोक लगा दी थी। चंद्रपाल कुशवाह ने अपनी बेटी भारती की शादी तय कर दी थी जिससे दोनों मृतक नाराज थे।

## एमपी में एसआईआर की तारीख बढ़ी चुनाव आयोग ने जारी किया पूरा शेड्यूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में एसआईआर का गुरुवार को अंतिम दिन था। चुनाव आयोग ने एक बार फिर से तारीख बढ़ा दी है। एमपी में एसआईआर की अंतिम तारीख अब 23 दिसंबर तक हो गई है। इस दिन तक बीएलओ को आप अपना दस्तावेज जमा कर सकते हैं। अभी कई जगहों से यह शिकायत आ रही थी कि हमारे दस्तावेज जमा नहीं हुए हैं। ऐसे में लाखों लोगों के नाम कट सकते थे।**

मध्य प्रदेश में चुनाव आयोग ने एक बार फिर से एसआईआर की तारीख बढ़ा दी है। पहले 11 दिसंबर अंतिम तारीख थी। अब यह 23 दिसंबर है। इसके बाद सारी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर वोटर लिस्ट का प्रकाशन होगा। एमपी में एसआईआर के दौरान लाखों नाम कटने की आशंका है। खासकर जिनके पास 2003 के एसआईआर के अनुसार दस्तावेज नहीं हैं। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसंबर को



मतदाता सूची का प्रकाशन होना था। इस सूची में मृत, जगह बदलने वाले और दो नाम वालों का नाम कट सकता था। बड़े शहरों में इसकी अधिक संभावना थी। समय कम होने की वजह से बीएलओ को भी परेशानी हो रही थी। अब बीएलओ के साथ-साथ लोगों को भी लंबा समय मिल गया। 12 दिनों के अंदर दस्तावेज जमा कर सकते हैं। गौरतलब है कि एसआईआर कार्य पूरे होने के बाद पहले प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद जिन लोगों को आपत्ति होगी, उनकी बातें सुनी जाएगी या फिर उसका निवारण किया जाएगा। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। एसआईआर को लेकर विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि गरीबों के नाम काटे जा रहे हैं। हालांकि चुनाव आयोग इसे खारिज करता रहा है।

## संपादकीय

# H-1B वीजाधारकों के लिए चेतावनी

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी H-1B वीजा होल्डर भारतीयों की चिंता को एक बार फिर बढ़ा दिया है। आखिरी समय में अमेरिका ने भारत में इस महीने (दिसंबर) होने वाले इंटरव्यू अगले साल मार्च-अप्रैल तक टाल दिए हैं। इससे कई वीजाधारकों की अमेरिका वापसी अटक गई है। इमिग्रेशन वकीलों ने H-1B वीजा होल्डर्स को सलाह दी है कि वे भारत की यात्रा ना करें। एक्सपर्ट का कहना है कि H-1B वीजा होल्डर्स के यात्रा करने से उनकी नौकरी खतरे में आ सकती है। ऐसे में उनको बहुत एहतियात से कदम उठाने की जरूरत है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर में होने वाले वीजा इंटरव्यू टलने से सैकड़ों भारतीय H-1B वीजाधारक मुश्किल में हैं। इमिग्रेशन विशेषज्ञ राहुल रेड्डी ने चेताया है कि फिलहाल भारत की यात्रा करने वाले H-1B कर्मचारियों को नौकरी गंवानी पड़ सकती है और वे अपने परिवारों से बिछड़ सकते हैं। ऐसे में जब तक आपके पासपोर्ट पर वैध वीजा ना हो तब तक वीजा स्टैंपिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रा ना करें। अमेरिकी इमिग्रेशन फर्म रेड्डी न्यूमैन ब्राउन पीसी के संस्थापक पार्टनर राहुल रेड्डी के मुताबिक, 'नियोक्ता छह महीने H-1B पद खाली नहीं रख सकते। कई कंपनियां कानूनी लिहाज से अमेरिका के बाहर से काम की कानूनी अनुमति नहीं दे सकतीं। इसका मतलब है कि H-1B कर्मचारी अब यात्रा करेगा तो वह अपनी नौकरी पर वापस नहीं बल्कि बेरोजगारी की ओर लौट सकता है।' इमिग्रेशन अटॉर्नी रेबेका चेन का कहना है कि जिन लोगों को अभी तक ईमेल नहीं मिला है। उन्हें भी फिलहाल भारत की यात्रा स्थगित कर देनी चाहिए। जो लोग पहले से ही भारत में हैं और अमेरिका लौटने के लिए वीजा स्टैंपिंग की आवश्यकता रखते हैं, उनके पास अब इंतजार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इमिग्रेशन वकीलों के अनुसार, अमेरिका में फिर से प्रवेश करने के लिए वीजा स्टैंप का होना जरूरी है। इसलिए अगर कोई वीजा धारक पहले से ही अमेरिका में है तो उसे वीजा स्टैंपिंग के लिए यात्रा करने से बचना चाहिए। इंटरव्यू के आगे बढ़ने से अमेरिका में काम करने वाले कई भारतीयों पर असर पड़ेगा, जो अपने वीजा स्टैंप का नवीनीकरण (रीन्यू) कराना चाहते हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि यह स्थिति उन लोगों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक है, जो अपने परिवार के साथ भारत आना चाहते थे। वीजा प्रक्रिया में अप्रत्याशित देरी ना केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि पेशेवर करियर पर भी असर डाल सकती है। कई लोगों के सामने इस घटनाक्रम से नौकरी खोने का डर बढ़ गया है।

## महिला जगत

# महिलाएं, क्या आप सही जगह पर अपना समय और ऊर्जा निवेश कर रही हैं? जानें इसका राज

'इन्वेस्टमेंट' शब्द सुनते ही दिमाग में सबसे पहले पैसा ही चमकता है, लेकिन सच्चा निवेश सिर्फ रुपये-पैसे तक सीमित नहीं होता। मनुष्य अपनी ऊर्जा, समय, भावनाएं और रिश्तों में भी बराबर निवेश करता है, खासकर महिलाएं। आप सहजता से परिवार, दोस्तों और समाज के लिए अपना सब कुछ दे देती हैं, अक्सर यह सोचे बिना कि लौटकर क्या मिलेगा। कई बार यह अदृश्य निवेश आपको थकान, तनाव और खोखले रिश्तों के सिवा कुछ नहीं देता। लेकिन अब समय आ गया है कि आप समझें कि निवेश किसी भी तरह का हो, बेहतर रिटर्न तभी मिलेगा, जब सही दिशा में किया गया हो। जीवन के हर रिश्ते और हर निर्णय में यह सोचना जरूरी है कि क्या यह मुझे संवार रहा है या समाप्त कर रहा है। खुद पर किया गया यह निवेश आपको सीखने, आगे बढ़ने, अपने सपनों को स्थान देने और खुद से मिलने में मदद कर सकता है। इसलिए जरूरी है कि अब महिलाएं जागरूक होकर अपना समय उन जगहों पर लगाएं, जहां उनका सम्मान भी हो और विकास भी। यही होगा एक सही इन्वेस्टमेंट।



### पहला व्यय खुद पर

अक्सर महिलाएं दूसरों की जिम्मेदारियों में इतनी उलझ जाती हैं कि उनके पास अपने लिए न पर्याप्त समय बचता है, न ऊर्जा। मगर याद रखें, खुद का विकास ही सबसे बड़ा और सबसे मूल्यवान निवेश है। सुप्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति कहती हैं, "आपको ऐसा लग सकता है कि आपके पास समय बहुत है, लेकिन असल में सबसे कीमती चीज वही है।" यही कारण है कि समय को व्यर्थ बातों में गंवाना जीवन के सबसे महंगे नुकसान की तरह है। इसलिए अनावश्यक सोशल मीडिया स्क्रॉलिंग, चैटिंग, निंदा आदि मन को खाली करने के बजाय और अधिक थका देते हैं। आप अपना समय वहीं लगाएं, जहां से मन को संतुलन, उद्देश्य और शांति मिले। इसके साथ ही यह भी समझें कि समय किन लोगों के साथ बिताया जा रहा है। जीवन में कुछ लोग ऊर्जा देते हैं और कुछ उसे चूस लेते हैं। खुद को उन लोगों के बीच रखें, जो आपको प्रेरित करें, आपके विचारों को ऊंचाई दें और आपके अस्तित्व को महत्व दें, न कि उन्हें, जो आपको छोटा या कमजोर महसूस कराएं। खुद पर किया गया यह निवेश आपको सबसे सुंदर रिटर्न देता है, जो खुशियों, मानसिक शांति और जीवंत ऊर्जा के रूप प्राप्त होता है।

### 'न' कहना भी एक निवेश

हर जगह सबके लिए उपलब्ध रहना आपकी जिम्मेदारी नहीं है। याद रखें, जहां आपके समय और ऊर्जा का सम्मान न हो, वहां 'न' कहना ही समझदारी है। आपके द्वारा बनाई गई सीमाएं आपको थकान से बचाती हैं और भीतर से टूटने से भी रोकती हैं। बचा हुआ समय आप उन कामों में लगा सकती हैं, जो जीवन की भाग-दौड़ में अक्सर रह जाते हैं। इसलिए अपने भीतर का उत्साह जगाएं और कला, संगीत, लेखन, कुकिंग, क्राफ्ट, बिजनेस जैसी रुचियों में समय दें। यह निवेश आपको भावनात्मक रूप से अधिक मजबूत और संतुलित बनाएगा।

### जहां सम्मान, वहीं लेन-देन

संध्या एक बुद्धिमान, संवेदनशील और कामकाजी महिला थी। ऑफिस में उसने अपने सहकर्मी अभिषेक से गहरी भावनाएं जोड़ लीं। उसे लगता था कि यह रिश्ता उसके जीवन में नई रोशनी लाएगा। उसने अपने परिवार, कॅरिअर, यहां तक कि आत्मसम्मान तक को दूसरे स्थान पर रख दिया, बस इस रिश्ते को बनाए रखने के लिए। स्थिति यह थी कि हर बार जब अभिषेक दूरी बनाता, वह और अधिक झुक जाती। उसके मूड, उसकी जरूरतें, उसकी खामोशियां सबको वह समझने की कोशिश करती रही, जबकि अभिषेक कभी यह सोचने की भी कोशिश नहीं करता कि संध्या के इस समर्पण के पीछे कितनी भावनाएं और उम्मीदें हैं। धीरे-धीरे रिश्ता एकतरफा होता गया। जब तक संध्या उसके इशारों पर नाचती रही, रिश्ता चलता रहा, मगर जिस दिन उसने आत्मसम्मान के लिए आवाज उठाई और कहा, "अब मैं अपने लिए भी जीना चाहती हूं", उसी दिन उनका रिश्ता भी खत्म हो गया। संध्या ने बहुत देर से समझा कि उसका प्रेम, धैर्य और उसकी भावनाएं सब गलत जगह इन्वेस्ट हो रही थीं। जहां से उसने अपनापन और सहारा मांगा, वहीं से उसे उपेक्षा और मौन मिला। यह बात सच है कि रिश्ते जीवन की असली पूंजी हैं, मगर हर रिश्ता इस योग्य नहीं कि उसमें अपना सब कुछ लगा दिया जाए। यह एक चेतावनी है कि भावनाओं का निवेश वहां करें, जहां से आपको आदर और सम्मान मिले, न कि केवल अपेक्षा और उपेक्षा। इसलिए वे लोग, जो आपकी कद्र करते हैं, आपकी बात सुनते हैं और आपको मानसिक सुकून देते हैं, वे ही आपका असली निवेश हैं। बाकी रिश्ते सिर्फ समय और भावनाओं का खर्च हैं। कई बार महिलाएं आत्मसम्मान की कीमत पर रिश्ते निभाती हैं, बिल्कुल संध्या की तरह। मगर याद रखिए, जहां सम्मान नहीं, वहां संबंध नहीं। यह भी सर्व सत्य है कि हर रिश्ता निभाने के लिए नहीं होता। कुछ को छोड़ देने से ही जीवन में सच्चे और सुकून देने वाले रिश्तों के लिए जगह बन पाती है।

### आत्मनिर्भरता की नींव पर पूंजी

महिलाओं के लिए आर्थिक निवेश केवल बचत भर नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता का आधार है। जब एक महिला अपने पैसों का प्रबंधन खुद करती है तो उसमें निर्णय लेने की क्षमता और आत्मविश्वास स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। ऐसे में छोटी-छोटी रकम का भी समझदारी से किया गया निवेश आपको आकस्मिक परिस्थितियों में मजबूत बनाता है और दूसरों पर निर्भर होने से बचाता है। इसी संतुलन से जीवन की गाड़ी सहज रूप से चलती है। वित्तीय सलाहकार रचना मिश्रा कहती हैं, "महिला की आर्थिक स्वतंत्रता पैसे की सुरक्षा नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की नींव है।" इसलिए यह जरूरी है कि हर महिला अपनी पूंजी सही जगह और सोच-समझकर लगाए। रीना ने अपनी पुरानी सहेली को जरूरत पड़ने पर पैसे उधार दिए, लेकिन न पैसे लौटे, न सहेली की कोई जवाबदेही। इस अनुभव ने उसे सिखाया कि पैसा वहीं देना चाहिए, जहां विश्वास के साथ जवाबदेही भी तय हो, क्योंकि बिना जवाबदेही के भरोसा केवल भावनाओं का शोषक बन जाता है। इसलिए आर्थिक निवेश अपने भविष्य के लिए करें, जैसे कि हेल्थ इंश्योरेंस, पीएफ, स्किल डेवलपमेंट, साइड कोर्सेस और डिजिटल फाइनेंशियल लिटरेसी जैसे क्षेत्रों में। यह समझदारी आपको एक सुरक्षित भविष्य के साथ ही आत्मसम्मान की शक्ति भी देती है।

### ऊर्जा और भावनाओं का विनियोग

महिलाएं जन्मजात करुणाशील होती हैं। वे दूसरों की तकलीफ को अपना समझकर उसे सहने लगती हैं। लेकिन जब यही संवेदना गलत जगह खर्च हो तो भावनात्मक ऊर्जा बोझ में बदल जाती है। इसलिए हर किसी की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाना छोड़ दें। हर व्यक्ति अपने जीवन का स्वयं उत्तरदायी है। दूसरों की समस्याएं हल करने के प्रयास में खुद को थका देना न त्याग है, न प्रेम, यह सिर्फ आत्मक्षय है। कुछ लोग केवल शिकायत करते हैं, समाधान नहीं ढूंढते। ऐसे लोगों से बिना स्वार्थ के दूरी बनाना आत्मसंरक्षण का एक बेहतरीन तरीका है। उसी तरह दूसरों की राय या व्यवहार से आत्ममूल्य को तय करना भी उचित नहीं। आपकी कीमत किसी की स्वीकृति से नहीं, बल्कि आपके आत्मसम्मान और आत्मविश्वास से तय होती है। अपनी भावनाओं का निवेश उन जगहों पर करें, जहां आपका मानसिक उत्थान हो, जैसे कि मेडिटेशन, जर्नलिंग, डिजिटल डिटॉक्स या प्रकृति के साथ बिताया शांत समय। ये आपकी थकी हुई ऊर्जा को पुनः भरने का सबसे सरल और प्रभावी तरीके हैं। साथ ही खुद पर थोड़ी दया करें। गलतियों पर खुद को कोसने के बजाय उससे सीखने पर जोर दें और अपने दुख को भी महत्व दें। खुद से प्रेम करना भी एक निवेश है और इसका रिटर्न हमेशा सकारात्मक, सशक्त और जीवनदायी होता है।

### सही आत्मप्रबंधन

चाहे बात समय की हो, रिश्तों की, ऊर्जा की या पैसों की, इन सभी का सही जगह किया गया निवेश ही सच्चा आत्मप्रबंधन है। इसलिए आज से अपना समय उन कार्यों में लगाएं, जो आपके भीतर आत्मविश्वास, स्थिरता और विकास का भाव जगाएं। रिश्ते भी उन्हीं के साथ बनाएं, जो आपको भावनात्मक सुरक्षा, सम्मान और अपनापन दें। अपनी भावनाएं और ऊर्जा उन्हीं पर खर्च करें, जो आपको उतना ही महत्व दें, जितना आप उन्हें देती हैं, क्योंकि आपका समय, प्रेम और ऊर्जा अनमोल हैं। यदि इन्हें समझदारी से निवेश किया जाए तो यही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बन सकते हैं। मनोवैज्ञानिक डॉ. अनुराधा शर्मा कहती हैं, "भावनाओं और ऊर्जा का निवेश सही लोगों और सही जगह करें, तभी उसका वास्तविक रिटर्न मिलता है।" यह याद रखना जरूरी है कि जीवन केवल देने का नाम नहीं, बल्कि संतुलन का नाम है। हर निवेश का उद्देश्य केवल दूसरों को खुश करना नहीं होना चाहिए, उसमें आपका अपना विकास और संतुष्टि भी शामिल होनी चाहिए। जब आप यह समझ लेती हैं कि आपका समय, भावनाएं और ऊर्जा कितनी मूल्यवान हैं, तभी आपके निर्णय और भी सशक्त तथा स्पष्ट हो जाते हैं, क्योंकि सच्चा निवेश वही है, जो आपको भीतर से समृद्ध करे, सुकून दे और आपकी उन्नति का मार्ग खोले।

## Aandhr Pradesh

# सुबह-सुबह बड़ा हादसा, खाई में जा गिरी यात्रियों से भरी बस; कम से कम 9 की मौत

**अल्लूरी, (एजेंसी)** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में घाट रोड पर एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक सुबह करी 5. 30 बजे चिंतुरु और भद्राचालम के बीच बस ने नियंत्रण खो दिया और यह गहरी खाईं में जा गिरी। बस में सवार करीब 35 लोग भद्राचलम मंदिर में दर्शन करने के बाद अन्नावरम की ओर रवाना हुए थे।

पुलिस ने बताया, उन्होंने बताया कि चित्तूर से पड़ोसी राज्य तेलंगाना जा रही बस में चालक और सफाईकर्मी समेत 37 लोग सवार थे। इनमें से छह लोग सुरक्षित हैं।



पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित बरदार ने बताया कि दुर्घटना एक दुर्गा मंदिर के पास चिंतूर-मारेदुमिल्ली घाट सड़क पर सुबह करीब 4:30 बजे हुई।

बरदार ने बताया, 'घाट रोड सड़क से बस के नीचे गिर जाने के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। बस पूरी तरह से घाटी में नहीं गिरी। बस पलट गई... और वहीं फंस गई।' उन्होंने कहा कि घायलों में से चार की हालत गंभीर है। अधिकारी के अनुसार, संभवतः घने कोहरे के कारण बस चालक दुर्घटनास्थल पर स्थित मोड़ को नहीं देख पाया, जो मोथुगुडेम थाना क्षेत्र में पड़ता है।बरदार ने कहा कि बस यात्री चित्तूर से तेलंगाना के भद्राचलम में श्री राम मंदिर जा रहे थे।

## Uttarpradesh

# मथुरा के 'जामताड़ा' में पुलिस का सबसे बड़ा सर्च ऑपरेशन, 300 जवानों ने घेरे चार गांव, 42 लोग दबोचे

**मथुरा, (एजेंसी)** मथुरा के गोवर्धन इलाके के गांव देवसेरस में साइबर क्राइम के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया. 'साइबर विलेज' के नाम से मशहूर इस गांव में भारी पुलिस बल को देखते ही अपराधियों में हड़कंप मच गया. पुलिस ने इस कार्रवाई में करीब चार दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है और बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामान जब्त किया है.

दरअसल, मथुरा के कुछ गांव 'जामताड़ा' बनते जा रहे थे, जहां से साइबर ठगी का काला धंधा ऑपरेट होता था. झारखंड का जामताड़ा जिला साइबर अपराधों के लिए कुख्यात है. ऐसे में मथुरा पुलिस ने इस पनपते नेटवर्क को क्रैकडाउन करने के लिए कई थानों की फोर्स लगाई और करीब चार गांवों में ताबड़तोड़ छापेमारी की.

थाना गोवर्धन इलाके के गांव देवसेरस में साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए बीते दिन एक सर्च अभियान चलाया गया. भारी संख्या में पुलिस बल और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस की टीमें गांव में पहुंचीं. पुलिस ने चार सीओ और भारी पुलिस बल के साथ चार गांवों में यह अभियान चलाया. इस दौरान पुलिस ने आधार कार्ड, मोबाइल सहित काफी मात्रा में आपत्तिजनक/संदिग्ध सामान जब्त किया. साइबर क्राइम के क्षेत्र में यह गांव काफी मशहूर है, इसलिए यह कार्रवाई हुई.

जैसे ही पुलिस की टीमें भारी संख्या में गांव देवसेरस में पहुंचीं, चारों ओर हड़कंप मच गया. पुलिस के आने की भनक लगते ही कई अपराधी इधर-उधर भागने लगे. तस्वीरों में साफ देखा जा सकता था कि किस प्रकार भारी पुलिस बल ने गांव में पहुंचकर अपराधियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया. बताया जाता है कि इस सर्च ऑपरेशन में एक दर्जन से अधिक समेत कुल 42 लोगों को हिरासत में लिया गया है.

## New Delhi

# 13 और 14 को आतंकी हमले के इनपुट पर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, वीडियो जारी कर पन्नू ने फिर दी धमकी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी समेत पूरे देश में 13 और 14 दिसंबर को आतंकी हमले के सीरियस इनपुट मिलने के बाद देश का खुफिया विभाग और सुरक्षा एजेंसियां और सर्तक हो गई हैं। 13 दिसंबर को संसद हमले की बरसी है जबकि 14 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी में यहूदियों का आठ दिवसीय शीतकालीन उत्सव हनुक्का मनाया जाता है। हालांकि लाला किला के पास पिछले माह 10 नवंबर को हुए धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियां पहले से अलर्ट मोड पर हैं। खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) और आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भी फिर वीडियो जारी कर धमकी दी है। पुलिस किसी भी धमकी को हल्के में नहीं ले रही है।दिल्ली पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हर साल पन्नू वीडियो जारी कर संसद हमले की बरसी 13 दिसंबर को हमला करने की धमकी देता है। इस बार भी उसने वीडियो जारी किया है। सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों का कहना है कि एसएफजे के आतंकी राजधानी में कहीं भी देशविरोधी नारे लिख सकते हैं।

## Uttarpradesh

# कफ सिरप सिंडीकेट के 25 ठिकानों पर ईडी ने बोला धावा, लखनऊ सहित छह शहरों में की छापेमारी

**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी के कफ सिरप कांड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने शुक्रवार सुबह से ही सिंडीकेट के 25 ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी। ईडी की टीमों ने लखनऊ, वाराणसी, अहमदाबाद, जौनपुर, सहारनपुर और रांची के ठिकानों पर छापेमारी की है। वहीं, लखनऊ में आरोपी आलोक सिंह के ठिकानों पर भी छापा मारा। इसके पहले, कफ सिरप मामले में लखनऊ में कोडीन युक्त सिरप, टेबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन की कालाबाजारी के मामले में 11 अक्तूबर को गिरफ्तार हुए कृष्णानगर के स्नेहनगर निवासी दीपक मानवानी के दो साथियों सूरज मिश्र और प्रीतम सिंह को कृष्णानगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपियों का एक साथी आरुष सक्सेना अभी पकड़ा नहीं गया है। पुलिस टीम उसकी तलाश में लगी है। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि 11 अक्तूबर को औषधि विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने स्नेहनगर निवासी दीपक मानवानी के मकान पर छापा डालते हुए भारी मात्रा में कोडीन युक्त सिरप, टेबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन बरामद किया था। आरोपी दीपक को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट भी दर्ज की थी। पूछताछ में दीपक ने खुलासा किया था कि वह उक्त दवा सूरज और प्रीतम से खरीदकर नशेड़ियों को बेचता था। आरोपी सूरज व प्रीतम को भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस टीम दोनों की तलाश में लगी थीं। बृहस्पतिवार को कृष्णानगर पुलिस ने बैकुंठ धाम वीआईपी रोड से मड़ियांव फैजुल्लागंज निवासी सूरज मिश्र और महानगर के बादशाहनगर निवासी प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी सूरज मूल रूप से सीतापुर के अटरिया सदनपुर का रहने वाला है और उसकी न्यू मंगलम आयुर्वेदिक नाम से दवा की एजेंसी है।

## खेल

# भारत की टी20 में रनों के लिहाज से घर में सबसे बड़ी हार

## तिलक को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों ने किया निराश

**मुल्लांपुर, (एजेंसी)** क्विंटन डिकॉक के बाद ओटेनिल बार्टमैन की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को दूसरे टी20 मैच में 51 रन से हराया। भारत की टी20 में रनों से लिहाज से घर में सबसे बड़ी हार है। इससे पहले टीम को इस प्रारूप में घरेलू जमीन पर दक्षिण अफ्रीका ने ही 2022 में 49 रनों से हराया था। भारत ने पिछले मैच में दमदार प्रदर्शन किया था, लेकिन टीम इस लय को बरकरार नहीं रख सकी।

भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। दक्षिण अफ्रीका ने डिकॉक के शानदार अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 213 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 19.1 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने इस तरह पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज का तीसरा मुकाबला रविवार को धर्मशाला में खेला जाएगा।



लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला एक बार फिर खामोश रहा। गिल तो खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, सूर्यकुमार भी पांच रन बनाकर आउट हुए। दिलचस्प बात यह है कि अक्षर पटेल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, जबकि सूर्यकुमार चौथे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए आए। टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह पहली बार हुआ जब अक्षर को ऊपरी क्रम पर उतारा गया। अभिषेक शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करने की कोशिश की, लेकिन वह जल्द ही विकेट गंवा बैठे।

भारत के लिए सिर्फ तिलक वर्मा ने अच्छी बल्लेबाजी की और अर्धशतक लगाया। तिलक आखिरी बल्लेबाज के तौर पर आउट हुए। भारत की ओर से तिलक वर्मा ने 34 गेंदों पर दो चौकों और पांच छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। वहीं, जितेश शर्मा ने 27, अक्षर पटेल ने 21, हार्दिक पांड्या ने 20 और अभिषेक शर्मा ने 17 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए ओटेनिल बार्टमैन ने चार विकेट झटके, जबकि लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन और लुथो सिपाम्ला को दो-दो विकेट मिले।

इससे पहले, इस मैच में डिकॉक अलग ही रंग में नजर आए और उन्होंने शानदार पारी खेली। हालांकि, वह शतक लगाने से चूक गए। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक ने शानदार बल्लेबाजी की जिससे दक्षिण अफ्रीका ने भारत के सामने जीत के लिए 214 रनों का लक्ष्य रखा। डिकॉक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों पर पांच चौकों और सात छक्कों की मदद से 90 रन बनाए। अंत में डेविड मिलर और डोनोवान फेरेरा ने पांचवें विकेट के लिए 50+ रनों की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 200 के पार पहुंचा। फेरेरा और मिलर ने आक्रामक बल्लेबाजी की और दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 53 रन जोड़े। बुमराह के आखिरी ओवर में 18 रन आए।

## सिनेमा

# मजेदार कॉमेडी और बिना लॉजिक का तड़का, एंटरटेनिंग है कपिल शर्मा की फिल्म



अगर आपने किस किसको प्यार करूं का पहला पार्ट देखा होगा तो 'किस किसको प्यार करूं 2' में दिमाग लगाने की जरूरत आपको नहीं पड़ेगी. फिल्म की कहानी भोपाल के एक सीधे-साधे हिंदू लड़के मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से शुरू होती है, जो अपनी गर्लफ्रेंड सानिया (हीरा वरीना) से शादी करने वाला है. लेकिन दोनों के बीच धर्म रुकावट बनता है. अब धर्म अलग है तो जाहिर सी बात है परिवार भी इस शादी के खिलाफ होंगे ही. हालांकि मोहन का प्यार इतना सच्चा होता है कि वो सानिया से शादी के लिए महमूद बन जाता है. यहां एक ट्विस्ट ये आता है कि उसने जिससे शादी की है वो कोई सानिया नहीं, बल्कि रूही (आयशा खान) है. इस निकाह के तुरंत बाद मोहन के घर वाले उसरी मीरा (त्रिधा चौधरी) से शादी करवा देते हैं और बाद में गोवा में वह माइकल के रूप में जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी कर लेता है. तीन अलग-अलग धर्मों की पहचान, लगातार झूठ के बीच सानिया गायब हो जाती है. अब सानिया और मोहन की शादी हो पाती है या नहीं, दोनों का प्यार मुक्कमल होता है या नहीं इसे जानने के लिए आपको सिनेमाघरों की तरफ जाना पड़ेगा. यही 'किस किसको प्यार करूं 2' की कहानी है. फिल्म की कहानी से ही आप समझ गए होंगे कि इतनी भागम-भाग में कॉमेडी का तड़का न लगे ऐसा होना नामुमकिन है. इस फिल्म की सबसे खास बात ये है कि पूरी तरह से पारिवारिक फिल्म है. एक भी डबल मीनिंग जोक्स आपको सुनाई नहीं देंगे.




1. **Udupi MP urges Centre to double entire Konkan Railway line**
2. **31-year-old finance employee dies of sudden heart attack in Indore**
3. **Udupi man loses ₹4.37 lakh to loan app cyber fraud**
4. **Car of witness against TMC strongman & 'terror of Sandeshkhali' hit by truck on way to court**
5. **Umar Khalid gets 2-week interim bail to attend sister's wedding**

# Cabinet may clear India-Oman free trade pact this week

**NEW DEIHI, (Agency).** The Union Cabinet on Friday may consider the draft proposal of the India-Oman free trade agreement, and is likely to approve the deal before Prime Minister Narendra Modi's visit to the country next week, people aware of the development said.

The Prime Minister is expected to embark on a three-nation visit that may cover Oman, Jordan and Ethiopia on December 15-18 and an announcement of the FTA is likely on December 17 in Oman, they added requesting anonymity.

An announcement of the India-Oman Comprehensive Economic Partnership Agreement (CEPA) and its formalization would, however, depend on the Cabinet's approval this week, they said.

The Cabinet is expected to meet on Friday, but the government may not comment on the bilateral deal immediately after because such agreements have their own nuances, they said.



In its year-end review statement released on Wednesday, the ministry of commerce and industry said negotiations for the India-Oman CEPA were launched in November 2023. After three rounds of intensive negotiations between November 2023 and March 2024, both sides did reach an agreement on all CEPA components, including text and market access offers. But, in March 2024, the Cabinet proposal was deferred, prompting further renegotiations.

"The 4th round (September 2024) and 5th round (January 13-14, 2025) focused on revised offers. Following approval of the competent authority, the Draft Cabinet Note for signing and ratification was circulated to relevant Ministries. Both sides are now in the process of securing internal approvals," the statement said.

Negotiations between India and the Sultanate of Oman were almost over in early 2024, but the deal could not be signed because of last minute disagreements over certain issues related to goods such as petrochemicals. Another matter of concern was "Omanisation" of Indian investments in the country. The talks, however, received fresh impetus during Union commerce minister Piyush Goyal's Muscat visit on January 27-28, 2025.

# ICICI Prudential AMC IPO opens today for listing as India's second largest mutual fund

**NEW DEIHI, (Agency).** The $1.2-billion ICICI Prudential AMC IPO is set to open for subscription today, paving the way for a listing that can make it the country's second-most valuable mutual fund.

On offer in the ICICI Prudential AMC IPO are up to 4.90 crore equity shares in a price band of ₹2,061-2,165 apiece, implying a valuation of as much as ₹1.07 lakh crore. Its debut on 19 December will mark India's fourth-biggest listing this year, following those of Tata Capital ( ₹15,000 crore), HDB Financial Services Ltd. ( ₹12,500 crore) and LG Electronics India Ltd. ( ₹11,600 crore).

To be sure, the ICICI Prudential AMC IPO is a pure offer-for-sale, meaning all




proceeds will go to the selling shareholder Prudential Corp. Holdings Ltd.

The deal, the last big IPO of 2025, will gauge the depth of investor appetite, especially after recent issues like LG India and Meesho Ltd. saw strong demand. The money manager is tapping the market at a time when IPO fundraising has hit a record this year, thanks to surging interest from local investors.

Several brokerages have issued bullish views on the offering. Mirae Asset Sharekhan has called for a "subscribe" to the issue, citing the company's financial metrics and what it considers are reasonable valuations. SBI Securities highlighted the synergies it gains from parent ICICI Bank Ltd.'s distribution network, while Axis Capital said it's India's most-profitable asset manager by one metric, with a 20% market share. ICICI Bank, India's second-biggest lender by market value, currently holds 51% of the AMC, while UK's Prudential Plc has the remaining stake.

# हाट हटाने पहुंची टीम... अग्रसेन चौराहे पर हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गुरुवार को इंदौर के अग्रसेन चौराहे पर उस समय हंगामा हो गया, जब नगर निगम की रिमूवल टीम यहां हाट हटाने पहुंची। टीम और हाट वालों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि स्थिति बिगड़ती दिखाई देने लगी। इसी दौरान एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा मामा मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर माहौल शांत करवाया।**



दरअसल, हर गुरुवार को यहां हाट लगता है और दर्जनों व्यापारी रोड पर दुकानें लगाते हैं। इस वजह से अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। गुरुवार को भी जब हाट लगा, तो नगर निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची और इसी बात पर विवाद हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा मामा अग्रसेन चौराहा पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए हाट वालों से बैठकर बात की और समझाया कि यहां से रोजाना हजारों लोग निकलते हैं। सड़क घिर जाने से लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने समझाइश दी कि वे उनकी दुकान रोड किनारे लगाए, ताकि गाड़ियां निकलने में दिक्कत ना हो। उन्होंने हाट वालों को स्पष्ट रूप से कहा कि, ये आखिरी बार समझा रहा हूँ। अब रोड पर दुकान लगी तो मैं भी मदद नहीं कर पाऊंगा। समझाइश के बाद हाट वालों ने अपनी दुकानें सड़क किनारे एक तरफ लगाने पर सहमति दी। एमआईसी मेंबर ने उन्हें जिम्मेदारी भी दी कि ठेले वालों को बीच सड़क पर न बैठने दें और जाम की स्थिति न बनने दें। साथ ही सभी दुकानदारों के नाम और नंबर देने को भी कहा, ताकि वास्तविक संख्या की जानकारी रहे। एमआईसी मेंबर ने बताया कि गुरुवार को जो यहां हाट लगता है। आसपास के ग्रामीण और क्षेत्र के लोग यहां व्यापार करते है हफ्ते में एक दिन के लिए ये हाट लगता हैं, जो पिछले 70 सालों से चला आ रहा है। इन लोगों को अपना व्यवसाय चलाते हुए दो से तीन पीढ़ी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वे व्यवसाय का विरोध नहीं कर रहे, लेकिन शहर के लोगों को यातायात की समस्या न हो, यह सभी की जिम्मेदारी है।

**गर्भवती पत्नी से मारपीट**

## तबीयत बिगड़ने पर दादी डॉक्टर के पास लेकर पहुंचीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने 8 माह की गर्भवती महिला की शिकायत पर उसके पति और सास के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि बुधवार को पुरानी बात पह बहस हुई। इसके बाद पति ने पेट में लात मारी तो सास ने बाल पकड़कर घसीटा। पीड़िता मुस्कान गायकवाड़ अमर पैलेस कॉलोनी की रहने वाली है। उसने पुलिस को बताया कि 4 दिसंबर को नौकरी पर जाने के दौरान पति अरुण राणे से विवाद हुआ था, तब पति ने मारपीट की थी। बुधवार को भी यही बात निकल आई और रात में पति ने पेट में लात मार दीं, इसके बाद दर्द शुरू हो गया। सास सोनू राणे ने बाल पकड़कर घसीटा। उन्होंने बताया कि पति आए दिन अपशब्द कहते हैं। पीड़िता ने बताया कि दर्द बढ़ने पर दादी मंगीबाई को सूचना दी गई। वे आईं और डॉक्टर के पास लेकर गईं, जहां इलाज के बाद महिला ने पति और सास के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। मुस्कान ने बताया कि डेढ़ साल पहले उसने और अरुण राणे ने कोर्ट मैरिज की थी।

## चलती बाइक पर युवक से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में बुधवार रात एक युवक के साथ लूट की कोशिश का मामला सामने आया। स्पोर्ट्स बाइक पर सवार दो बदमाशों ने चलते वाहन पर युवक को थप्पड़ मारा और रुकवाने की कोशिश की। युवक के विरोध करने पर उन्होंने उसकी शर्ट तक खींच ली और धमकाते हुए भाग गए। एरोड्रम पुलिस ने पीड़ित आदित्य खतवाशे निवासी नंदन नगर की शिकायत पर बाइक नंबर एमपी09 एक्यू 5079 पर सवार दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आदित्य ने पुलिस को बताया कि वह सिटी स्कूल के पास, कालका माता मंदिर रोड से गुजर रहा था। तभी सामने से आई स्पोर्ट्स बाइक पर बैठे दो युवकों में से एक ने अचानक उसे जोर से थप्पड़ मार दिया। वह किसी तरह संभला तो बदमाशों ने उसकी बाइक रोकने की कोशिश की और शर्ट पकड़कर खींचा, जिससे उसकी जेब फट गई। आदित्य के चिल्लाने पर दोनों आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग गए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक